सिंगापुर की तरह व्यवस्थित और साफ सुथरे होंगे यूपी के शहर

यूपीजीआईएस के दौरान प्रदेश की योगी सरकार ने पार्टनर कंट्री सिंगापुर के साथ कई क्षेत्रों में सहयोग के लिए किया करार

शहरी विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा-हमारे लोगों ने सिंगापुर बनाया अब सिंगापुर को यूपी को संवारने की उठानी होगी जिम्मेदारी

भारत में सिंगापुर के हाई कमिश्नर एचई सिमोन वोंग ने कहा-मुख्यमंत्री की छवि और बदले हुए यूपी में बढ़ा है सिंगापुर के निवेशकों का भरोसा

लखनऊ, 10 फरवरी। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश को सिंगापुर की तरह सुव्यवस्थित और साफ सुथरा बनाने के लिए सिंगापुर के साथ सहयोग करेगी। लखनऊ में शुक्रवार को शुरू हुई यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शहरी विकास मंत्री एके शर्मा ने सिंगापुर पार्टनर कंट्री सेशन के दौरान कहा कि सिंगापुर में यूपी के लोगों की काफी संख्या है। यूं कहें कि हमारे यूपी के लोगों ने सिंगापुर को बनाया है। अब आपकी जिम्मेदारी है कि आपको यूपी को बनाना होगा। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष 15 से 19 दिसंबर के बीच जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अगुवाई में सिंगापुर गई टीम योगी ने 28 हजार करोड़ की लागत वाले करीब 20 एमओयू साइन किए थे। ये सभी निवेशक शुक्रवार को सेशन में भी मौजूद थे।

सिंगापुर जैसा मॉडर्न बनाएंगे यूपी को: एके शर्मा

एके शर्मा ने कहा कि सिंगापुर की मुझे दो बातें सबसे ज्यादा पसंद हैं। एक वहां का वर्क कल्चर और दूसरा वहां के साफ सुथरे इलाके। हमें यूपी को भी वैसा ही बनाना है। हमने लखनऊ समेत यूपी को क्लीन बनाने का संकल्प लिया है। इसमें हमें सिंगापुर का सहयोग चाहिए। मेरी गुजारिश है कि आप एक दिन लखनऊ का भ्रमण कीजिए और फिर हमें बताइए कि इसे सिंगापुर की तरह कैसे साफ सुथरा बनाया जा सकता है। हमारी संस्कृति एक जैसी है बल्कि आकार के हिसाब से देखें तो लखनऊ और सिंगापुर एक समान हैं। सिंगापुर के साथ हमने वेस्ट मैनेजमेंट, वाटर ट्रीटमेंट जैसे क्षेत्रों में कोलाबरेशन किया है। अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, आईटी-इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक, स्टार्टअप, डाटा सेंटर, एथेनॉल-शुगर इंडस्ट्री समेत कई क्षेत्रों में एमओयू हुए हैं। बड़े क्षेत्रों की बात करें तो इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर और हाई राइज बिल्डिंग के निर्माण में हमें सिंगापुर से काफी कुछ सीखना है। सिंगापुर का एयरपोर्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट, एजुकेशन सिस्टम, पीक ऑवर ट्रैफिक और आईटी मैनपावर ऐसा है, जिसे हमें आत्मसात करना है। नोएडा, ग्रेटर नोएड जैसे बड़े शहर ही नहीं, हर यूपी के अन्य शहरों को भी सिंगापुर की तर्ज पर सुव्यवस्थित और मॉडर्न बनाना है।

योगी की छवि से बढ़ा है निवेशकों का भरोसाः सिमोन वोंग

इससे पहले, हाई कमिश्नर ऑफ सिंगापुर टू इंडिया हिज एक्सीलेंस सिमोन वोंग ने कहा कि भारत में हमारा निवेश 120 बिलियन डॉलर का है। लेकिन अधिकतर निवेश दक्षिण के राज्यों में है। पिछले साल जुलाई में हमें पता चला कि यूपी सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट करने जा रही है तो हमने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात कर पहले पार्टनर कंट्री का दर्जा मांगा। उन्होंने हमारी मांग को सहर्ष स्वीकार कर लिया। सीएम योगी की छवि और बदलते उत्तर प्रदेश के चलते कई और निवेशक भी जल्द अपने इंटेंट को फाइनल करने वाले हैं। मुझे खुशी है कि हमारी सरकारें भी अपनी नॉलेज और एक्सपीरिएंस शेयर करेंगे। हम यहां सीएम योगी के वन ट्रिलियन डॉलर के सपने को साकार करने में पूरी मदद करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख सचिव बेसिक एजूकेशन दीपक कुमार, एंटरप्राइज सिंगापुर की रीजनल डायरेक्टर डेनिस टैन समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।